CLASS NOTES-ANSWERS

कविता ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क) पत्तियाँ सुनहरे रंग में कब रंगती हैं?

उत्तर: सूर्य की पहली किरण आने पर पत्तियाँ सुनहले रंग में रंग जाती हैं।

(ख) किरण किस दिशा से आई?

उत्तर: किरण पूर्व दिशा से आई।

(ग) किरण के आने पर भौरें क्या करने लगे?

उत्तर: किरण के आने पर भौरें मीठे गीत गाने लगे।

(घ) किसके आने से पूरब में सुखद सवेरा हो गया?

उत्तर: किरण के आने से पूरब में सुखद सवेरा हो गया।

लिखित

(क) किरण के आने से फूल क्या करने लगे?

उत्तर: किरण के आने से फूल मुसकराने लगे।

(ख) इस कविता में किस समय का वर्णन किया गया है?

उत्तर: इस कविता में प्रात:काल का वर्णन किया गया है।

(ग) इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

उत्तर: इस कविता के माध्यम से कवि संदेश देना चाहता है कि हमें अपने अच्छे गुणों से दुनिया को सुंदर बनाना चाहिए।

2) सही कथन पर ✓ और गलत कथन पर ✕ निशान लगाओ

(क) किरण के आने से फूल मुस्काने लगे। ✓

(ख) किरण उत्तर दिशा से आई। ✕

(ग) किरण के आने से पत्तियाँ सुनहरे रंग में रँग गई। ✓

(घ) किरण के आने से अंधेरा हो गया। ✕

भाषा ज्ञान

1) समान अर्थवाले शब्दों को चुनकर लिखो।

(क) दुनिया	-	संसार	(घ) डाली	-	टहनी
(ख) ज्योति	-	प्रकाश	(ङ) पवन	-	हवा
(ग) सवेरा	-	सुबह	(च) धरती	-	जमीन

2) नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ।

(क) किरण - सूर्य की पहली किरण से चारों ओर उजाला हो गया।

(ख) सवेरा - सवेरा होते ही चिड़ियाँ चहचाहती है।

(ग) जीवन - हमें अपने जीवन में अच्छे कार्य करने चाहिए।

(घ) लाल - सूर्य निकलने पर दिशाएँ लाल हो जाती है।

बातचीत का कोना।

चित्र को देखो कक्षा में बातचीत करो।

(क) यह किस समय का चित्र है?

उत्तर: यह सुबह के समय का चित्र है।

(ख) चारों और क्या फैल गया है?

उत्तर: चारों ओर उजाला फैल गया है।

(ग) किसान क्या कर रहा है?

उत्तर: किसान हल लेकर खेत में जा रहा है।

(घ) चिड़ियाँ क्या कर रही है?

उत्तर: चिड़ियाँ डाल पर बैठी है।

(ङ) मुर्गा क्या कर रहा है?

उत्तर: मुर्गा बांग दे रहा है।

(च) बगीचे में कैसे फूल खिले हैं?

उत्तर: बगीचे में रंग बिरंगे फूल खिले हैं।

पाठ से आगे

(क) सूरज हमें क्या क्या देता है?

उत्तर: सूरत से हमें ऊर्जा मिलती है। पेड़ - पौधों को भोजन मिलता है। रोशनी मिलती है। सूर्य के कारण ही वर्षा होती है।

(ख) यदि एक दिन के लिए सूरज न निकले तो क्या होगा?

उत्तर: यदि एक दिन सूरज ना निकले तो चारों ओर अँधेरा छा जाएगा। सूरज से हमें ऊर्जा नहीं मिलेगी। पेड़-पौधों को भोजन नहीं मिलेगा और कम वर्षा होगी।